5863/2021/ADMIN

सत्यमेव जयते

वैद्य राजेश कोटेचा
Vaidya Rajesh Kotecha

सचिव
भारत सरकार
आयुष मंत्रालय
आयुष भवन, 'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स,
आई.एन.ए, नई दिल्ली–110023

Secretary
Government of India
Ministry of Ayush
Ayush Bhawan, B-Block, GPO Complex
INA, New Delhi-110023
Tel. : 011-24651950, Fax : 011-24651937
E-mail : secy-ayush@nic.in

संदेश

प्रिय आयुष कर्मियों,

भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। इसी उपलक्ष्य में 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष आयुष मंत्रालय में 14 सितम्बर, 2021 से 28 सितम्बर, 2021 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

2. भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को जनमानस में लोकप्रिय बनाने और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए संबंधित जानकारी आम जनता के बीच उसकी अपनी भाषा में प्रदान करनी होगी। चूँकि हिंदी सरल, सुबोध और भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है, इसलिए हिंदी ही भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार-प्रसार में सबसे सशक्त माध्यम बन सकती है।

3. हिंदी सरल और सुबोध भाषा होने के कारण देश को एकता और अखंडता के सूत्र में जोड़ने में सदैव सक्षम रही है। हमें इसी प्रकार की सरल और सुबोध हिंदी को आगे बढ़ाना है।

4. आयुष मंत्रालय और इसके अधीनस्थ सभी परिषदों/संस्थानों/कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मेरा आह्वान है कि वे अपना सरकारी कामकाज सरल हिंदी में ही करें।

मैं आप सबको हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देता हूँ।

राजेश कोटेचा

(राजेश कोटेचा)

14 सितम्बर, 2021

आयुष मंत्रालय और मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारी/कर्मचारी।